तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि


# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 18 मई 2026

आर्ट ऑफ लिविंग में स्थापना दिवस पर खुरसुनी... 11



मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव में उमड़ा... 12





## खबर संक्षेप

### दुकान में चोरी, डेढ़ लाख के बर्तन और नगदी पार



**बालोद।** अज्ञात चोर द्वारा दुकान से 1 लाख से अधिक के सामानो व नकदी की चोरी कर ली गई। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बुढानपुर, थाना सुरेगांव निवासी कुलेश्वर देशमुख पिता मनराखन देशमुख ने पुलिस को बताया कि मैं मैं 09 मई के रात 08 बजे अपना दुकान बंद करके घर चला गया था, जो 10 मई के सुबह 08 बजे दुकान खोला और अंदर आया तो देखा पीछे का दरवाजा खुला था, खिडकी का ग्रील कटा हुआ था, पीछे दीवाल को देखने पर पैरो के निशान दिखाई दे रहा था, अंदर चेक करने पर कांउटर के पास रेक में रखे कांसे की थाली 40 नग, वजन 20 किलोग्राम, कांसे का लोटा 50 नग वजन 10 किग्रा लगभग, पीतल हण्डा0 03 नग वजन 16 किग्रा. पीतल का गघरा 02 नग वजन 4.250 किग्रा, तांबा गुण्डी 12 नग वजन 10 किग्रा, तांबा का जग 10 नग वजनी 4 किग्रा, तांबा का लोटा 40 नग वजनी 6 किग्रा लगभग, नगदी रकम 6000 रूपया, बैग सहित खरीदी का बिल ले गया है।

### माता के श्रृंगार और दान पेटी की रकम पार

**बालोद।** शीतला मंदिर में माता के सोने चांदी के श्रृंगार को अज्ञात चोरो ने चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित पुजारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम ओटेबंद निवासी ओटेबंद शीतला मंदिर में पुजारी शिव नारायण निषाद ने पुलिस को बताया कि शाम करीबन 06 बजे मंदिर में पुजा पाठ कर सामने का दरवाजा में ताला बंद कर घर चला गया था, सुबह करीबन 05 बजे पूजा पाठ करने आया तो देखा कि शीतला मंदिर के सामने गेट का कुंडी टुटा हुआ जमीन में पडा था। अंदर रखे दान पेटी में करीबन 2000 रूपये, माताजी के सिर में लगा चांदी व दोनों नयन कीमती करीबन 15000 रूपये, 02 नग फूल कांच की थाली, नहीं था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

### सुने घर चोरी, सोने के जेवर और नकदी पार

**बालोद।** शादी कार्यक्रम में गए परिवार के यहां चोरो ने धावा बोल दिया तथा हजारो के सोने चांदी की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(एं), 331(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्र 12 कामता थाना डौंडी निवासी महरा राम ने पुलिस को बताया कि मेरे चाचा के यहां शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए घर अंदर कमरा एवं घर के बाहर दरवाजा में ताला लगाकर चाबी को मैं अपने पास रखकर सुबह करीबन 09 बजे चाचा के घर शादी कार्यक्रम में चला गया था, शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर घर वापस आया तो देखा, सामने का दरवाजा में ताला लगा हुआ था, ताला खोलकर घर अंदर जाकर देखा तो कमरे में लगे ताला टुटा हुआ था, कमरा अंदर रखा आलमारी टुटा हुआ था, पास में रखे अटैची भी टुटा हुआ था, आलमारी रखे सोने का नेकलेस, एक जोडी सोने का टॉप्सएवं नगदी रकम 8000 रूपये नही था, कोई अज्ञात चोर द्वारा रात्रि मे घर के पीछे बाडी तरफ से घर अंदर घुसकर कमरे का ताला तोडकर घर अंदर रखे आलमारी के दरवाजा को तोडकर सोने के जेवरात एवं नगदी रकम को चोरी कर ले गया है।

# बारिश ने खोली समिति की लापरवाही, सनौद सोसायटी में भीगा किसानों का चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

जिले के विभिन्न समितियो में सरकार द्वारा चना की खरीदी की जा रही है लेकिन अचानक हुए बारिश ने समितियो की पोल खोल कर रख दी है। जहां अचानक हुई बारिश से समिति में सनौद समिति में रखा चना भीग गया।

जिले के विभिन्न समितियो के द्वारा किसानो के दलहन तिलहन फसल के तहत चना के फसल की खरीदी की जा रही है। जिसके तहत समितियो को किसानो के चना फसल की खरीदी के लिए विभिन्न सुविधाओ के साथ उसके देख रेख व सुरक्षा के लिए राशियां प्रदान की जाती है लेकिन इसके संबंध में राशि मिलने के बाद भी समितियो द्वारा चना खरीदी के दौरान बरती जा रही लापरवाही के कारण किसानो के मेहनत का फल यू ही खराब हो रहा है जिस ओर समितियो का गैर जिम्मेदारा कार्य किसानो के साथ सरकार के लिए मुसीबत बन सकती है।

जिसके तहत सनौद सोसायटी में देखा जा सकता है कि शनिवार रात अचानक हुई बारिश में समिति के खुले आसमान में रखे दर्जनो चना के बोरे पानी में भीग गए वही कई बोरे जमीन में गिर गए समितियो को प्राप्त बारदाने भी कटे फटे नजर आए उससे भी चना जमीन में फैलता दिखा। प्रशासन द्वारा गिर गए कथित घटिया बारदाने के कारण समितियो को परेशानी हो रही है। वही समितियो में भी कथित लापवाही के कारण चना खराब हो रहा है।

## तिरपाल और सुरक्षा इंतजाम के बावजूद भीगे दर्जनों बोरे

### उठाव में विलंब

चना खरीदी के बाद उसके उठाव में भी विलंब होने से समितियो की परेशानी बढ़ गई है। सनौद समिति में सुरक्षा इतजाम किए बिना चना खरीदी की जा रही थी। आरोप है कि समिति मे चना ग्रेडिग मे विलंब के कारण चना के बोरो मे भरने एवं तौलने में विलंब हुआ जिसके कारण शाम तक समिति में खरीदे गए चना की तौलाई एवं सिलाई नही हो पाई जिसके कारण अचानक मौसम खराब होने एवं तेज हवा आंधी से दर्जनो अनसिले बोरे जमीन में फैल गए और मिट्टी युक्त होने से कई क्विंटल चना खराब हो गया।



### दर्जनों चने के बोरे पानी भींग कर खराब

जहां इस लापरवाही के बाद समिति द्वारा रविवार सुबह अपने गलतीयो पर पर्दा डालने के लिए दर्जनो मजदूर लगाकर खुले आसमान में रखे कई चने के बोरे को उठवाते व साफ करते दिखे। जहां समितियो को इसके प्रबंधन व सुरक्षा के लिए तिरपाल के साथ अन्य चीजे राशि उपलब्ध कराई जाति है फिर भी समिति द्वारा इस ओर ध्यान ना देते हुए चने की फसल को यू ही बर्बाद होने दिया। जिसके कारण दर्जनो चने के बोरे पानी भींग कर खराब हो चुके है।

## मौसम : रातभर दहशत, उड़ गए छज्जे-टीन शेड, बिजली व्यवस्था चरमराई

# तेज आंधी-बारिश से दल्लीराजहरा में तबाही, बाजारों में भारी नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा में शनिवार की देर रात आए तेज आंधी-तूफान, झमाझम बारिश और तेज हवाओं ने जमकर तबाही मचाई। अचानक बदले मौसम ने पूरे दल्लीराजहरा शहर को दहशत में डाल दिया। तेज हवाओं की रफ्तार इतनी भयावह थी कि बाजार क्षेत्र सहित कई इलाकों में दुकानों के टीन शेड, छज्जे और एसीपी एलुमिनियम सीटें उखड़कर दूर तक जा गिरीं। कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूट गईं, बिजली तार प्रभावित हुए और देर रात तक शहर के अनेक हिस्से अंधेरे में डूबे रहे।

- रातभर जुटी रही विद्युत टीम, घंटों बाद बहाल हुई बिजली व्यवस्था


तेज हवा और मूसलाधार बारिश के कारण न्यू मार्केट,मुख्य बाजार, बस स्टैंड क्षेत्र, फुटपाथ दुकानों और छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान पहुंचा है। कई दुकानदार रातभर अपनी दुकानों को बचाने में जुटे रहे, लेकिन प्रकृति के इस रौद्र रूप के सामने उनकी मेहनत और इंतजाम कमजोर पड़ गए। सुबह होते ही बाजार क्षेत्रों में नुकसान का भयावह मंजर दिखाई दिया। कहीं टीन सड़क पर बिखरे पड़े थे तो कहीं दुकान के सामने लगा पूरा शेड धराशायी हो चुका था।

विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह प्रभावित रही। कई इलाकों में बिजली गुल हो गई थी। रातभर विद्युत विभाग की टीम खराब लाइनों और टूटे तारों को दुरुस्त करने में लगी रही। तेज बारिश और अंधेरे के बीच कर्मचारियों ने लगातार मेहनत कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया। घंटों की मशक्कत के बाद शहर में धीरे-धीरे बिजली व्यवस्था सामान्य हो सकी।

**मौसम की मार ने बढ़ाई चिंता :** चानक आए इस भीषण तूफान ने एक बार फिर मौसम के बदलते तेवरों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। व्यापारियों और आम नागरिकों का कहना है कि नगर में कमजोर ढांचों, खुले टीन शेड और अस्थायी निर्माणों को लेकर अब गंभीर तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बड़े हादसों को रोका जा सके।

### मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं से सहमे लोग, कई इलाके अंधेरे में डूबे







### विद्युत टीम की मेहनत से लौटी रोशनी

विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने खराब मौसम के बावजूद रातभर मोर्चा संभाले रखा। टूटे तार, फाल्ट और बाधित सप्लाई को दुरुस्त करने के लिए अलग-अलग टीमों को मैदान में उतारा गया। कर्मचारियों की लगातार मेहनत के बाद अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी। स्थानीय लोगों ने भी विपरीत परिस्थितियों में कार्य कर रही विद्युत टीम की सराहना की।

### कुछ मिनट की आंधी ने वर्षों की मेहनत उजाड़ दी

स्थानीय दुकानदार सार्थक जैन ने बताया कि तेज हवा इतनी खतरनाक थी कि दुकान के ऊपर लगा पूरा टीन शेड उड़कर सड़क पर जा गिरा। दुकान के अंदर रखा सामान भी बारिश में भीग गया। हजारों रुपए का नुकसान हुआ है और अब दोबारा व्यवस्था खड़ी करने में काफी समय लगेगा। व्यापारी पंकज कुमार ने कहा कि रात में ऐसा लग रहा था मानो पूरा बाजार उड़ जाएगा। एसीपी शीट और लोहे के एंगल हवा में उड़ते दिखाई दे रहे थे। दुकान को बचाने के लिए लोग जान जोखिम में डालकर सामान समेटते रहे। दुकानदार एवन कुमार ने बताया कि बारिश का पानी सीधे दुकान के अंदर घुस गया। इलेक्ट्रॉनिक और अन्य सामान खराब हो गए। इतनी बड़ी क्षति की कभी कल्पना नहीं की थी। छोटे व्यापारियों के लिए यह बहुत बड़ा आर्थिक झटका है। फुटपाथ व्यवसायी मनोज यादव ने कहा कि रोज कमाकर परिवार चलाने वाले लोगों के लिए यह आपदा किसी संकट से कम नहीं है। तेज हवा में पूरा ढांचा टूट गया। अब फिर से दुकान लगाने के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा। चाय दुकान संचालक देवीलाल निषाद ने बताया कि रातभर डर का माहौल बना रहा। लोग अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बचाने के लिए भागते नजर आए। नुकसान इतना अधिक है कि उससे उबरने में लंबा समय लग सकता है।



## ओवरब्रिज निर्माण के बीच खतरा बना संकरा मोड़, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

रेलवे फाटक में ओवरब्रिज निर्माण कार्य प्रगति पर है, लेकिन निर्माण स्थल के पास बनाया गया खतरा मोड़ लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है।

- रेलवे फाटक के पास जलभराव और अव्यवस्था से लोग परेशान

स्थानीय लोगों के अनुसार मोड़ काफी संकरा और जोखिमभरा है, जिससे वाहन चालकों को आने–जाने में दिक्कत हो रही है। खासकर रात के समय और भारी वाहनों के गुजरने पर हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि ओवरब्रिज निर्माण स्थल के आसपास पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हल्की बारिश में भी पानी भरने लगा है। आने वाले बारिश के मौसम में यहां स्थिति और गंभीर हो सकती है। सड़क पर जलभराव होने से वाहन फिसलने और दुर्घटना का खतरा बढ़ सकता है, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा संकेतक और आवागमन व्यवस्था में भी लोगों को दिक्कत हो रही है। हालांकि ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लगातार जारी है और क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि कार्य पूर्ण होने के बाद आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

## दाम नहीं मिलने से किसान परेशान कोचियों के भरोसे बिक रहा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष गर्मी सीजन का धान उत्पादन काफी अच्छा हुआ है। मौसम अनुकूल रहने और किसानों की मेहनत से कई गांवों में धान की भरपूर पैदावार हुई है। खेतों में अच्छी फसल देखकर किसानों को उम्मीद थी कि उन्हें बेहतर दाम मिलेगा, लेकिन बाजार में धान का सही मूल्य नहीं मिलने से किसान खुश नजर नहीं आ रहे हैं।

ग्रामीण इलाकों में किसान मजबूरी में अपना धान कोचियों और व्यापारियों को बेच रहे हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में धान 1600 से 1700 रुपये प्रति क्विंटल के भाव में खरीदा जा रहा है, जिसे किसान कम कीमत बता रहे हैं। किसानों का कहना है कि खेती में बीज, खाद, दवाई, बिजली और मजदूरी का खर्च लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में इस कीमत पर धान बेचने से ज्यादा फायदा नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र में कई जगह कोचिये सक्रिय हैं, जो गांव-



गांव पहुंचकर किसानों से धान खरीद रहे हैं और उसे राइस मिलों तक पहुंचा रहे हैं। किसानों को तत्काल नकद भुगतान मिल जाने के कारण कई लोग सीधे व्यापारियों को धान बेच रहे हैं। हालांकि अच्छी पैदावार के बावजूद कम कीमत मिलने से किसानों में नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीण किसानों का कहना है कि इस साल फसल अच्छी हुई है, लेकिन यदि धान का भाव बेहतर मिलता तो किसानों को अधिक लाभ हो सकता था। फिलहाल किसान अपनी उपज बेचने में लगे हुए हैं और बाजार में बेहतर दाम मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

## बालोद दौरे पर पहुंचे टी.एस. सिंहदेव कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी.एस. सिंहदेव रविवार को बालोद जिले के दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान वे विधायक संगीता सिन्हा के निवास पहुंचे, जहां विधायक संगीता सिन्हा ने अपने परिवार सहिता उनका स्वागत किया। वही इस दौरान टीएस. सिंहदेव के संजारी–बालोद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं से भेंट–मुलाकात किए। इस दौरान वे कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर संगठन की वर्तमान स्थिति, स्थानीय राजनीतिक गतिविधियों और आगामी रणनीति पर चर्चा किए।

### पांच खिलाड़ी राज्य स्तर के लिए चयनित

## संभाग स्तरीय योगा ओलंपियाड में मर्रा-तेलीगुंडरा के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

मर्रा एवं तेलीगुंडरा के बच्चों ने महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में संभाग स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता 2026 भाग लिया और जमकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राज्य के लिए चयनित हुए।

- नि :शुल्क योग प्रशिक्षण से बच्चों ने बनाई राज्य स्तर पर पहचान

इस प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के समस्त जिलों से उपस्थित बालक–बालिकाओं के लिए ट्रेडिशनल योगासन विधा आयोजित हुई, जिसमें 10–14 वर्ष एवं 14–17 वर्ष आयु वर्ग की छात्र छात्रओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मर्रा एवं तेलीगुंडरा के पांच बच्चे राज्य योगा के लिए हुए चयनित। क्षेत्र में हर्ष हर्ष जय जय की खुशियां छाई। प्रतिभागियों ने अनुलोम–



विलोम, सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन तथा प्राणायाम में उत्कृष्ट संतुलन, लचीलापन और एकाग्रता का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में योग एक्सपर्ट धीरेन्द्र वर्मा और महेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में मर्रा एवं तेलीगुंडरा पांच बच्चों ने विजय का परचम लहराया। संभाग स्तरीय योगा ओलंपियाड 2026 में बालिका वर्ग 10 – 14 वर्ष आयु वर्ग में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलीगुण्डरा टोमांशीक पटेल, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेजस मर्रा डिगमनी सपहा और बालक वर्ग में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेजस मर्रा प्रथमेश वर्मा तथा बालिका वर्ग 14 –17 वर्ष आयु वर्ग में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेली गुण्डरा भाविका देवांगन एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेलीगुण्डरा श्वेता यदु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड के लिए चयनित हुए।

बच्चों की उपलब्धि पर प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल तेलीगुण्डरा कुमुद साहू, प्रधान पाठक शास.पू.मा.शा.तेलीगुण्डरा एमएल. वर्मा, संकुल समन्वयक हेमंत कुर्रे, प्रतिमा दुबे, इंटरनेशनल योगा खिलाड़ी धीरेंद्र वर्मा, योगा कोच मर्रा तुलाराम वर्मा, प्रधान पाठक अंडा चंद्रहास साहू, शिक्षक खिलेंद्र साहू, डॉ.डी. एल.चतुर्वेदी, तिलक साव एवं योग प्रशिक्षक शासकीय आयुर्वेद औषधालय तेलीगुंडरा महेंद्र कुमार साहू ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन के साथ विजेताओं को बधाई दी। मर्रा के पूर्व सरपंच निशुल्क योग एक्सपर्ट तुलाराम वर्मा ने कहा कि प्रतिभा निखारने के लिए ऐसा मंच ▶▶ शेष पेज 11 पर

# 40 वार्डों में जलसंकट, भ्रष्टाचार के लिए बहा दिया शक्तिनगर तालाब का पानी चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए एबो में काम, अफसरों को धमकी?

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग निगम में सियासी घमासान और हाई वोल्टेड ड्रामे के बीच कांग्रेसी पार्षदों ने भी मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने शहर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इसे लेकर कांग्रेसी पार्षद शहर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले 18 मई की सुबह 11 बजे निगम पहुंचकर महापौर अल्का बाघमार का घेराव करेंगे। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि महापौर शहर सरकार चलाने में पूरी तरह से फेल साबित हो रही हैं। अफसरों को डराया-धमकाया जा रहा है। शहर की जनता को थप्पड़ मारने की धमकी दी जा रही है। यहां तक आरईएस, पीडब्लूडी, मंडी बोर्ड, सिंचाई विभाग के अफसरों को बंधक बनाया जा रहा है। उन्हें अपमानित किया जा रहा है। इधर निगम में भीषण गर्मी के इस दौर में 40 वार्डों में जलसंकट के हालात है। लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। निगम में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार हावी है। अधोसंरचना मद से शासन ने 19 करोड़ रुपए के काम स्वीकृत किए हैं। इनमें करीब 72 काम ऑनलाइन और 70 काम ऑफलाइन टेंडर निकाले गए। 72 काम में अपने चहेतों को काम दिलाने 7 ठेकेदारों को एबो में काम दिलाने की साजिश रची गई। वहीं ऑफलाइन के सारे काम अपने चहेते ठेकेदारों से मीटिंग कर एबो में काम दिया गया, जिन्होंने कमीशन नहीं दिया, उनके काम बिलो में सेशन हुए हैं। कांग्रेस ने राजीव भवन में हुई बैठक के बाद इन सारे मुद्दों को लेकर महापौर को घेरने रणनीति तैयार की। कार्यकर्ता रैली की शक्ल में नगम पहुंचकर विरोध दर्ज कराएंगे।

## कांग्रेस ने राजीव भवन में बैठक लेकर निगम को घेरने बनाई रणनीति




### महापौर की कार्यप्रणाली से अफसर और जनता भयभीत, वीडियो लगातार वायरल

इस पूरे मामले को लेकर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि महापौर की कार्यप्रणाली से प्रशासनिक अधिकारी और जनता भयभीत है। महापौर पहले भी एमआईसी की बैठक और अपने चेंबर में निगम अफसरों से अपशब्द कह चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने एक कार्यक्रम में अफसरों को धिक्कारने की बात कही, फिर आरईएस के ईई जितेंद्र मेश्राम, एसडीओ सीके सोने और मंडी बोर्ड के एसडीओ प्रवीण पांडेय को अपने चेंबर में बुलाकर फटकारा। उन्हें कार्यक्रमों में आमंत्रित नहीं किए जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। यहां तक बंधक बनाकर रखा, पुलिस ने उन अधिकारियों को बाहर निकाला। इससे पहले महापौर का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने ठेला लगाने वाले एक व्यापारी को अतिक्रमण के विषय में थप्पड़ मारने की बात कही थी।

### सफाई की लचर व्यवस्था कागज में सब कुछ ओके

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले बताया कि पूरे शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है। वार्डों से नियमित कचरा नहीं उठ रहा, जो उठ रहा, उसका सेग्रीगेशन नहीं हो रहा, अन्यत्र डंप किया जा रहा है। नालियों की सफाई नहीं हुई, जिसकी वजह से पिछले दिनों हुई बारिश में निचली बस्तियों में पानी जमा हुआ। पेंशनधारियों की लंबित पेंशन से लोग परेशान है। वे लगातार निगम पहुंच रहे, उनकी सुनवाई नहीं हो रही। शक्ति नगर तालाब को भ्रष्टाचार के लिए खाली करा दिया गया। आसपास के क्षेत्र का वाटर लेवल डाउन हो गया है, लेकिन न निगम से पानी मिल पा रहा, न ही बोर से पानी उपलब्ध हो पा रहा।विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, शंकरलाल ताम्रकार, पूर्व सभापति राजेश यादव, अलताफ अहमद सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

## वार्ड 11 से 20 की समस्याओं को लेकर महापौर अलका बाघमार ने ली बैठक, पार्षदों से जानी दिक्कतें



शहर के वार्ड 11 से 20 तक के विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं की समीक्षा को लेकर महापौर अलका बाघमार ने डाटा सेंटर में बैठक आयोजित की। बैठक में एमआईसी सदस्य, संबंधित वार्डों के पार्षद एवं निगम अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान वार्डवार समस्याओं एवं आवश्यक विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने पार्षदों से बारी-बारी उनके क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। पार्षदों ने साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं नाली निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, पाइपलाइन लीकेज, बोर रिपेयरिंग, सुलभ शौचालयों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था तथा नालियों की सफाई से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से रखा। महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बिना बिल्डिंग परमिशन किसी भी नए नल कनेक्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित वार्ड पार्षदों को इसकी जानकारी भी दी जाए। उन्होंने सड़क सीमा क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने एवं शहर के मुख्य मार्गों सहित सभी वार्डों में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, निलेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस ने 5 साल में क्या किया

कांग्रेसी बताएं कि कांग्रेस ने पांच साल में क्या किया है।हमने 20 वार्डों में पानी पहुंचाया है। मल्टीलेवल पार्किंग का काम शुरू किया है। इंदिरा मार्केट को सुंदर बनाया है। विपक्ष का काम सिर्फ आरोप लगाना है। एक भी काम एबो में नहीं दिया गया है। सारे आरोप निराधार है।
**-अलका बाघमार,** महापौर नगर निगम दुर्ग

## खबर संक्षेप



### नशामुक्ति से जुड़ी जानकारी प्रशासनिक अफसरों को दी

**दुर्ग।** सर्किट हाउस में जिला प्रभारी सचिव आईएएस सोनमणि बोरा के प्रवास के दौरान दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह की उपस्थिति में कल्याणी नशामुक्ति केंद्र के निदेशक अजय कल्याणी व उनकी टीम ने भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रभारी सचिव को नशामुक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस विशेष अवसर पर उन व्यक्तियों से भी मुलाकात की गई जो नशे के चंगुल से मुक्त होकर अब समाज की मुख्यधारा में लौट चुके हैं।

### पाइपलाइन में लीकेज, 19 व 20 को पेयजल बाधित

**दुर्ग।** बघेरा स्थित पानी टंकी के पास बड़ी पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण शुद्ध पेयजल का व्यापक स्तर पर बहाव हो रहा है, जिससे जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित हुई है। स्थिति को देखते हुए निगम द्वारा पाइप लाइन रिपेयरिंग कार्य अत्यावश्यक रूप से कराया जा रहा है। 19 और 20 मई को इसका मेंटेनेंस किया जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। निगम प्रशासन द्वारा आवश्यकता अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी।

### कोसानाला मंदिर में शुरू किया प्याऊ

**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई द्वारा शनिवार को कोसानाला मंदिर परिसर में राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए क्लब ने मंदिर परिसर में मिट्टी के मटके रखवाए, ताकि भगवान के दर्शन के लिए आने-जाने वाले लोगों को शीतल जल मिल सके। कोसानाला मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना रहता है। तेज धूप में दर्शन के लिए पहुंचने वाले लोगों को प्यास लग जाती है।

## कुरूद व नेहरू नगर में नहर से लेकर तालाब तक की जमीन बेच दी

# नहर से लेकर तालाब तक की जमीन खा गए भू-माफिया, बिकने के बाद जाग रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में सबसे अधिक अवैध प्लॉटिंग भिलाई में वैशाली नगर विधानसभा में हो रही है। यहां कुरूद व नेहरू नगर में नहर से लेकर तालाब तक की जमीन को काटकर बेच दी गई, लेकिन अधिकारी उसे रोकने के लिए नहीं जागे। जब लगातार अखबारों में खबरे प्रकाशित हुई तो वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने इस कार्रवाई की बात कही। उनकी मौजूदगी में कलेक्टर, भिलाई निगम कमिश्नर और अन्य अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाने की रणनीति और कार्रवाई को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कई अवैध प्लाटिंग स्थलों को पहले ही ध्वस्त किया जा चुका है। प्रशासन को लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलता रहेगा।बैठक में यह बात सामने आई कि प्रशासन की कड़ी कार्रवाई के बावजूद भूमाफिया सक्रिय हैं। वे आम जनता को कम कीमत और सस्ती दरों का लालच देकर बिना वैध अनुमति वाले प्लाट बेच रहे हैं। सीधे-सादे लोग उनके इस जाल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं।



### धड़ल्ले से चल रही अवैध प्लॉटिंग

विधायक की अपील और निगम की कार्रवाई के बाद भी कुरुद, कैलाश नगर, कोहका, खंडेलवाल भवन के पास, केपीएस स्कूल के पीछे, इंदू अईटी स्कूल के पीछे, कुरुद में दारू भट्ठी रोड में, गोकुलधाम, नेहरू नगर, जामुल जैसे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग हो रही है। इसको लेकर कई बार खबरें प्रकाशित हुईं, निगम की टीम खानापूर्ति करने कार्रवाई करने भी पहुंची, लेकिन वहां फिर से कच्चा रोड रास्ता तैयार कर वहां प्लॉटिंग की गई।

### विधायक ने की अपील खरीदी से पहले करें जांच

विधायक रिकेश सेन ने आम नागरिकों से अपील की है कि सस्ती दरों के कारण किसी भी प्लाट को खरीदने का फैसला न करें। जमीन या प्लाट खरीदने से पहले टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम तथा अन्य संबंधित सरकारी विभागों से उसकी वैधानिक स्थिति और एप्रूवल की जांच अवश्य करें। अवैध प्लाटिंग में प्लॉट लेने से नगर निगम से मकान का नक्शा पास नहीं होता। बिजली-पानी का कनेक्शन मिलने में भारी समस्या होती है। साथ ही सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं कभी विकसित नहीं हो पातीं। ऐसी जमीनों पर हमेशा कानूनी विवाद, अवैध कब्जे की समस्या और रजिस्ट्री संबंधी अड़चनें बनी रहती हैं।

### दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करते पुलिस ने दो युवक को पकड़ा है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि नयापारा चौक दुर्ग के पास वाहन चेकिंग करते समय घेराबंदी युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम शिवपारा सात इमली पेड़ के पास दुर्ग निवासी . उमेश यादव उर्फ दादू, चंडी मंदिर के पास शिवपारा, दुर्ग दिनेश ठाकुर बताया है। आरोपियों के पास रखे सफेद रंग के प्लास्टिक बैग की तलाशी लेने पर उसमें तीन पैकेट में गांजा, एक धारदार हथियार, मोबाइल बरामद किया। कुल 2 किलो 176 ग्राम गांजा की कीमत 1 लाख 8 हजार 800 रुपये, जब्त किया।

### 18 से 25 तक गरिमा उत्सव

**दुर्ग।** जिले में 18 से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव जनभागीदारी अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान जन भागीदारी सबसे दूर सबसे पहले थीम पर आधारित राष्ट्रीय स्तर पर आईईसी कैम्पेन के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

## अमरकंटक में मिले 8 लाख के अमेरिकी डॉलर, यात्री को लौटाया



**भिलाई।** आरपीएफ ने ऑपरेशन अमानत के तहत अमरकंटक एक्सप्रेस में सफर कर रहे बुजुर्ग यात्री का लाखों रुपए का सामान ट्रेन में छूट गया। दुर्ग स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ जवानों ने बैग बरामद कर जांच के बाद उसे सुरक्षित यात्री के परिजनों को सौंप दिया। अआरपीएफ प्रभारी संजीव सिन्हा ने बताया कि बैग में डॉलर, ऐपल टैब, विदेशी दवाइयां, सोने की अंगूठी समेत कुल 8 लाख 27 हजार 800 रुपए का सामान मिला। 16 मई को ट्रेन नंबर 12854 अमरकंटक एक्सप्रेस में जबलपुर निवासी 75 वर्षीय अवतार सिंह अपने परिवार के साथ ए-2 कोच की बर्थ नंबर 13 और 14 पर सफर कर रहे थे। उन्हें उसलापुर स्टेशन पर उतरना था। स्टेशन आने पर वे अपने बाकी सामान के साथ उतर गए, लेकिन जल्दबाजी में एक काले रंग का बैग ट्रेन में ही भूल गए। ट्रेन जब दुर्ग स्टेशन पहुंची तो वहां ड्यूटी पर मौजूद महिला आरक्षक शारदा और आरपीएसएफ आरक्षक प्रसंजीत विश्वास ने कोच की जांच की। इस दौरान कोच अटेंडेंट ने उन्हें एक लावारिस बैग की जानकारी दी। आरपीएफ जवानों ने बैग को अपने कब्जे में लेकर जांच की। बैग खोलने पर उसमें कई महंगे सामान मिले। बैग में 25 अमेरिकी डॉलर के 100-100 डॉलर वाले नोट,जिनकी भारतीय कीमत करीब 2 लाख 30 हजार रुपए, करीब 3 लाख 12 हजार 800 रुपए कीमत का ऐपल टैब, लगभग ढाई लाख रुपए की विदेशी दवाइयां, 25 हजार रुपए कीमत की सोने की अंगूठी, करीब 10 हजार रुपए का अन्य सामान भी मौजूद था। यात्री को मोबाइल नंबर से कॉल कर संपर्क किया गया।

## साईं मंदिर समिति के अध्यक्ष और महासचिव का होगा चुनाव, 24 मई को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



176 सदस्यों वाले साई मंदिर समिति सिविल लाइन कसारीडीह में अध्यक्ष और महासचिव के पद पर चुनाव होगा। इसके लिए 24 मई को मत डाले जाएंगे। उसी दिन मतगणना होगी। चुनाव में अध्यक्ष पद पर श्रीकांत समर्थ और धनेंद्रकांत चंदेल के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं महासचिव के पद पर धीरेंद्र शर्मा और सुधीर वाघ के मुकाबला है। अध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल करने वाले मुरली राउत ने अध्यक्ष प्रत्याशी धनेंद्र चंदेल के समर्थन में पहले ही नाम वापस ले लिया है। समिति में लंबे समय तक वोटिंग की स्थिति न बने, इसके लिए प्रयास किया गया, लेकिन सहमति नहीं बनने के बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई।

- अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मुरली राऊत ने लिया नाम वापस

आगामी 4 वर्षीय कार्यकाल सत्र 2026-30 के लिए चुनाव होना है। मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश दीक्षित के मार्गदर्शन एवं सहायक चुनाव अधिकारी संतोष यदु, नारायणदत्त तिवारी और जयंत खिरोडकर के देखरेख में पूरी प्रक्रिया की जा रही है। नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत 9 मई से हुई। 24 मई को मतदान होंगे। इसी दिन देर शाम नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे। समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 1 मई को सुबह 11 बजे किया गया। इसके बाद 2, 3 एवं 4 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई। दावा-आपत्तियों का निराकरण 6 मई को किया गया। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 8 मई को किया गया। 14 एवं 15 मई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की गई।

## जिला अस्पताल में बदहाली बजरंग दल ने किया प्रदर्शन



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा सीएमएचओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन जिला अस्पताल दुर्ग में व्याप्त भारी अव्यवस्थाओं, भ्रष्टाचार और मरीजों के प्रति प्रशासन की संवेदनहीनता के विरोध में किया गया। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला अस्पताल वर्तमान में समस्याओं का अड्डा बन चुका है। अस्पताल में चर्म रोग, न्यूरो और ऑर्थो जैसे महत्वपूर्ण विभागों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है, जिससे गरीब मरीजों को निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ रही है। साथ ही, पिछले 7 महीनों से थायराइड, शुगर और एंटी-रेबीज जैसी जीवन रक्षक दवाइयों का अकाल पड़ा हुआ है।

अस्पताल परिसर में निजी अस्पतालों की एम्बुलेंस का जमावड़ा रहता है। शाम 7 बजे के बाद गर्भवती महिलाओं को भर्ती नहीं ली जाती। अवैध कैंटीन का संचालन हो रहा है। महीनों से बंद पड़े ऑपरेशन थिएटर और दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने में देरी की जाती है। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष गौतम जैन, प्रांत संयोजक रतन यादव, प्रिंस राजपूत, कुशल तिवारी, लक्ष्मण यादव, ओम रवि भारती सहित अन्य मौजूद थे।

## 1 जुलाई से मनरेगा की जगह जिले में लागू होगी वीबी जीरामजी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव करते हुए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 को 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करने की घोषणा की है। नई व्यवस्था लागू होते ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह वीबी जीरामजी योजना प्रभावी हो जाएगी। नई योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को केवल मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि गांवों में स्थायी विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इसके तहत जल संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका संवर्धन, जलवायु अनुकूल कार्य तथा स्थानीय संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

- जल संरक्षण कार्य 10 जून तक पूर्ण करने के निर्देश

नई व्यवस्था में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी मिलेगी, जो पहले 100 दिनों तक सीमित थी। रोजगार के लिए आवेदन ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा तथा 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। भुगतान में 15 दिनों से अधिक देरी होने पर श्रमिकों को क्षतिपूर्ति राशि भी प्रदान की जाएगी।

योजना के तहत जल संरक्षण संरचनाएं, आंगनबाड़ी भवन, पशुपालन एवं मत्स्य पालन से जुड़े कार्य, कौशल विकास केंद्र, बाढ़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन तथा अन्य ग्रामीण अधोसंरचना निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम पंचायतों की भूमिका को मजबूत करते हुए विकसित ग्राम पंचायत योजना के जरिए ग्राम सभाओं की भागीदारी से स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास कार्य तय किए जाएंगे।

योजना को पीएम गतिशक्ति एवं जीआईएस आधारित डिजिटल प्रणाली से भी जोड़ा जाएगा। मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत सभी कार्यों को 15 जून तक पूर्ण करना अनिवार्य होगा। केवल पौधारोपण एवं नर्सरी संधारण कार्यों को जुलाई माह तक जारी रखने की अनुमति दी गई है। नवा तरिया, डबरी एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों को वर्षा ऋतु से पूर्व 10 जून तक पूर्ण करने तथा उनका अंतिम मापन एवं सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री पहुंचा, जो दो दिन पहले था 36 डिग्री सेल्सियस

# दिनभर उमस से लोग परेशान, शाम को हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्विनसिटी में पूरे दिन लोगों ने उमसभरी गर्मी झेली। शाम को अचानक मौसम बदला। आसमान पर काले बादल छाए और हल्की बारिश हुई। जिससे थोड़ी राहत मिली। हालांकि दिन में पारा फिर से शनिवार को 40 डिग्री सेल्सियस पार चला गया। अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है जो पिछले दो दिन पहले 36 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था। तापमान के बढ़ने की वजह से उमसभरा वातावरण निर्मित हो गया है। लोग पारा बढ़ने, तेज धूप और बदली व बूदांबादी वजह से उमसभरी गर्मी झेल रहे हैं। हाल यह है कि न केवल पूरे दिन बल्कि रात में भी आर्द्रता बढ़ गई है। जिसकी वजह से उमस कम होने का नाम ही नहीं ले रहा। मौसम विभाग के हिसाब से कल रविवार 17 मई को आंधी के साथ बारिश का सिस्टम बन गया है।

- आज भी आंधी के साथ बारिश का बना सिस्टम

### मानसून के आगे बढ़ने 3 ऐसी अनुकूल हालात

मौसम विभाग के मुताबिक पहला निकोबार दीप समूह और उसके आसपास अंडमान दीप में अधिकांश स्थानों पर वर्षा की गतिविधि हो रही है। दूसरा पश्चिमी हवा की गति इस क्षेत्र में 35 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे अधिक है। तथा यह वातावरण में 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक पहुंच गया है। तीसरा धरती से जाने वाली दीर्घ तरंग विकिरण इन क्षेत्रों में 200 वॉट प्रति वर्ग मीटर से कम है। इन सभी स्थिति को देखते हुए दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थियां बनी हुई है।



**बंगाल की खाड़ी में ये हलचल :** मौसम विभाग के मुताबिक एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ वह पहले हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू और उससे लगे उत्तर पाकिस्तान के ऊपर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व विदर्भ और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

**आज गरज-चमक के साथ बारिश :** मौसम विभाग के मुताबिक 17 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है।

### भरी गर्मी में बिजली की समस्या

उमस की वजह से लोग हलाकान हैं और बिजली कभी भी आ-जा रही है। चंद्रनगर उमरपोटी, लोकनगर उमरपोटी, न्यू नेहरूनगर , कबीर नगर, नेवई, रिसाली, सुपेला, छावनी, रामनगर, सुंदरनगर, कैंप क्षेत्र , दुर्ग आदि क्षेत्रों में कभी भी बिजली बंद हो रही है। लोगों ने बताया कि सुबह , दोपहर या रात कभी भी बिजली बंद हो जाती है। गर्मी इतनी अधिक है कि बिना एसी-कूलर व पंखे के रहना मुश्किल हो गया है। ऐसे में बिजली बंद करने से और स्थिति खराब हो रही है। शाम को हर दिन मौसम बदलता है वैसे ही बिजली बंद कर दी जाती है। जो कई घंटों तक बंद रहती है।

## सेमिनार में नेटवर्किंग व एरीग्रेशन विषय पर अपने विचार साझा

**भिलाई।** आईसीएआई भिलाई ब्रांच द्वारा एग्रीगेशन ऑफ सीए फर्म्स विषय पर हाफ डे सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 70 सदस्यों ने सहभागिता की। सेमिनार में भिलाई शाखा के पूर्व अध्यक्षगण, वरिष्ठ सदस्य एवं प्रबंध समिति के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जयपुर से आये, आई सी ए आई दिल्ली के कमेटी के चेयरमैन सी ए सतीश गुप्ता रहे। उन्होंने नेटवर्किंग और एरीग्रेशन विषय पर अपने विचार साझा करते हुए वर्तमान समय में सीए फर्म्स के विस्तार, नेटवर्किंग एवं प्रोफेशनल सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बदलते व्यावसायिक परिवेश में एग्रीगेशन एवं सहयोगात्मक कार्य प्रणाली से सीए फर्म्स नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती हैं। सीए सतीश गुप्ता ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीज के विज़न एवं मार्गदर्शन के अनुसार भारत को अपनी स्वयं की बीग 4 स्तर की भारतीय प्रोफेशनल फर्म्स विकसित करनी चाहिए।

वर्तमान में देश में अधिकांश बड़ी कंसल्टेंसी सेवाएं विदेशी बिग 4 फर्म्स के माध्यम से संचालित होती हैं, जबकि वास्तविक कार्य भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा ही किया जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईसीएआई की एग्रीगेशन कमेटी द्वारा बनाई जा रही नीतियों के माध्यम से इसी वर्ष भारत में लगभग 20 बड़ी स्वदेशी प्रोफेशनल फर्म्स स्थापित होने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में चोरी, नगदी और सोने-चांदी के जेवरात पार

**बालोद।** घर में ताला लगाकर बाहर घुमने गए परिवार के यहां अज्ञात चोरो द्वारा चोरी को अंजाम दे दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कन्नेवाडा निवासी लेखराम सिन्हा पिता युवराज सिंह सिन्हा 35 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 05 मई से घर में कोई नही रह रहे है तथा मकान के अंदर, बाहर ताला लगा लगा हुआ था, 12 मई को गांव के पडोसी विकास चौरसिया ने मुझे फोन करके बताया कि हमारे घर के सामने गेट का कुण्डी टुटा हुआ तथा गेट खुला हुआ है। मै विकास चौरसिया ने बताया कि हमारे घर अंदर के तीन रूम का दरवाजा खुला हुआ ताला टुटा हुआ है, आलमारी व कमरा में रखे समान पूरा बिखरा पढा हुआ है, मै थाना बालोद को फोन करके सूचित किया, मेरे पहुचने के पहने पुलिस वाले मेरे घर आ गये थे, आकर पुलिस वाले द्वारा सर्च डाग बुलाकर सर्च कराये उसके बाद बिखरे सामान को चेक किये जो मेरी पत्नी के आलमारी में रखे नगदी रकम 20,000 रूपये एक जोड पुरानी इस्तेमाली सोने की बाली कीमती व एक जोड पुरानी चांदी का पायल जुमला नही था, जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में मकान का ताला तोडकर गेट का कुण्डी तोडकर मकान अंदर प्रवेश कर कमरा का ताला तोडकर उक्त नगदी रकम व सोने, चांदी के जेवरात को चोरी कर ले गये है।

### सीसीटीवी कैमरा और हार्ड डिस्क ले गए अज्ञात चोर

**बालोद।** सूने मकान से अज्ञात चोरो ने सीसीटीव्ही कैमरा व हार्ड डिस्क की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पड़कीभाट निवासी गोदावरी साहू ने पुलिस को बताया कि मेरे पति खेलन सिंह साहू पुलिस विभाग जिला दुर्ग में पदस्थ होने से अपने परिवार के साथ दुर्ग में रहती हूं तथा ग्राम पड़कीभाट स्थित अपने मकान को ज्ञानेश्वर गजपाल एवं तीरथ साहू को किराये पर दी हूं, बीच– बीच में गांव आकर मकान की देखरेख करती हूं तथा मकान में सूरक्षा के कृष्टिकोण से सीसीटीव्ही कैमरा लगाई थी। मंगलवार को पड़ोस में रहने वाली सकुन बाई मेरे पति खेलन सिंह के पास फोन कर बतायी कि आपके मकान के गेट एवं कमरे का ताल टुटा हुआ है, हम लोग कैमरा को चेक करने बोले तो सकुन बाई बतायी कि गेट में लगा कैमरा नहीं है, तब सूचना पाकर मैं अपने लड़का चन्द्रशेखर साहू के साथ पड़कीभाट अपने घर आई देखी तो मेनगेट का ताला टुट हुआ था, अन्दर कमरा में लगा ताला भी टुटा हुआ तथा कमरे में रखे पेटी का सामान बिखरा हुआ, पेटी खुला हुआ था तथा किरायेदार के कमरे का दरवाजा का ताला टुटा हुआ था एवं गेट में लगा सीसीटीव्ही कैमरा नहीं था। कोई अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में मकान एवं गेट का ताला तोड़कर अन्दर प्रवेश कर पेटी में रखे सामान को बिखेर दिया है और गेट में लगे सीसीटीव्ही कैमरा, मेमोरी कार्ड को चोरी कर ले गया है।

### पुलिस पेट्रोल पंप सेक्टर-6 में जमकर हंगामा, दो युवक गिरफ्तार और दो फरार

**भिलाई।** सेक्टर 6 स्थित पुलिस पेट्रोल पंप में गुरुवार देर रात जमकर हंगामा हुआ। पेट्रोल लेने पहुंचे युवक के साथ पहले सड़क किनारे मारपीट की गई। जब युवक पेट्रोल पंप पहुंचा तो विवाद बढ़ गया। वीडियों में पेट्रोल पंप का एक कर्मी भी डंडा लेकर भागता नजर आ रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी कर्मी बीएस श्रीनिवास राव ने बताया कि कार सीजी 07 सीवाई 4612 से रात 11:35 बजे सेक्टर-6 की तरफ जा रहे थे। परिवार चौक के पास दो बाइक में सवार 4 युवक पहुंचे। आरोपियों ने नशे के लिए पैसों की डिमांड की। मना करने पर थप्पड़ जड़ दिया। घटना के बाद श्रीनिवास राव सेक्टर-6 पुलिस पेट्रोल पंप पहुंचा। चारों युवक वहां मौजूद थे। कर्मियों ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की। पेट्रोल पंप के कर्मी और आरोपियों के बीच भी झूमाझटकी हुई। मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई। दो आरोपी युवक फरार हो गए।

**आयोजन : 'शेयर टू शाइन' थीम के साथ युवाओं ने दिया सेवा और सहयोग का संदेश**

# आर्ट ऑफ लिविंग के स्थापना दिवस पर खुरसुनी में हुए विविध सामाजिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले गुण्डरदेही विकासखंड के अर्जुन्दा ब्लाक के ग्राम पंचायत भवन खुरसुनी में आर्ट ऑफ लिविंग का 13 वीं अंतर्राष्ट्रीय स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही क्षेत्र क्रमांक 03 ललिता भुआर्य थी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत खुरसुनी योगेश्वर प्रसाद साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक नीलकंठ साहू, पंचगण सचिव एवं छात्र छात्रएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती स्वामी विवेकानंद जी और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना माल्यअर्पण दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

ग्राम पंचायत खुरसुनी के सरपंच योगेश्वर प्रसाद साहू ने युवाओं के कार्यो की सराहना कि और स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी। वहीं जनपद सदस्य ललिता भुआर्य ने युवाओं को कड़ी मेहनत कर अपने जीवन में लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों का साल प्रतीक चिन्ह पेन डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। जिले के जिला समन्वयक यशवंत कुमार कुमार ने बताया कि इस वर्ष, आर्ट ऑफ़ गिविंग थीम शेयर टू शाइन थीम पर आयोजित किया गया है। जिसका मतलब यह है कि बाँटिए और चमकिए है। इसका सरल सा संदेश है जब आप अपनी सोच, ज्ञान, समय, देखभाल या छोटी सी मदद भी किसी के साथ साझा करते हैं, तो आप कभी गरीब नहीं होते बल्कि अंदर से और समृद्ध हो जाते हैं। जो हमारे रहने के स्थान पर दयालुता और एकजुटता की संस्कृति को प्रेरित करता है। हमें भोजन साझा करके, मदद की पेशकश करके, छोटी–छोटी खुशियां उपहार में देकर या जरूरतमंदों के साथ समय बिताकर अपने समुदायों के साथ फिर से जुड़ने के लिए आमंत्रित करता है, जिससे मजबूत और अधिक दयालु की भावना को अपनाकर, हम सकारात्मकता की लहरें पैदा कर सकते हैं। आर्ट ऑफ गिविंग केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है, जो समाज में करुणा, दया, सेवा, प्रेम, उदारता और शांति का संदेश फैलाता है।

उन्होंने डॉ. अच्युत सामंत को समाज को सकारात्मकता और निःस्वार्थ सेवा की सच्ची भावना से जोड़ने वाला महान प्रेरणास्त्रेत बताया। आर्ट ऑफ गिविंग के थीम पर आधारित 17 मई को देश के अलग–अलग राज्यों जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत, गांव, कॉलेज, विद्यालय, सोसाइटी, क्लब, शहर के गली मोहल्ले आदि विभिन्न जगहों पर प्रत्येक दिन ये रचनात्मक व सामाजिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जैसे अपने पड़ोसी से मिले परिचय करें और दोस्ती बढ़ाएं, एक पेड़ मां के नाम पड़ोस से मिलकर पौधा लगाना और पर्यावरण संरक्षण पर जिम्मेदारी साझा करना, बच्चों के बीच दयालुता या साझा करना विषयों पर आधारित कविता, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, कहानी सभी कार्यक्रम आर्ट ऑफ़ गिविंग के माध्यम से आयोजित किया।

रंगोली पोस्टर गायन नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र–छात्रओं व बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को भी मेडल प्रमाण पत्र पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया। पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु पायल निषाद ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुंभकार ने किया। वहीं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सूरज नागवंशी ने किया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ गिविंग के राज्य समन्वयक सुश्री शबाना बेगम एवं सभी वालंटियर्स अजय कुमार साहू, देवेन्द्र कुमार ठाकुर, चेतन सिन्हा, फनेश्वरी साहू, नेहा साहू, पूजा कुंभकार, टेश्वनी साहू, रेणुका साहू, टिकेश्वरी साहू भानु प्रकाश देशमुख, हेमचंद भारती, अमर लालवानी, सुधीर किशोर उपस्थित थे।

# ट्रांसफार्मर के नीचे सज गई जानलेवा दुकानें हादसे को खुला न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा के व्यस्त बाजार क्षेत्र में एक बेहद खतरनाक और चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। सड़क किनारे स्थापित भारी विद्युत ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे सब्जी दुकान, मिट्टी के बर्तन एवं अन्य फुटपाथ व्यवसायियों द्वारा दुकानें सजाकर व्यापार किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर के आसपास फैले बिजली के तार, खुले केबल और भीड़भाड़ के बीच छोटे बच्चों, महिलाओं और राहगीरों की लगातार आवाजाही बनी हुई है। ऐसे हालात किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी के दौरान ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ने से आग लगने, शॉर्ट सर्किट या विस्फोट जैसी घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। इसके बावजूद कुछ फुटपाथ व्यवसायी अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रांसफार्मर के नीचे ही दुकानें लगाकर बैठे हैं। बाजार में आने वाले लोग भी इस लापरवाही को देखकर दहशत में हैं।

- दल्लीराजहरा के व्यस्त बाजार में बिजली विभाग की चेतावनी के बावजूद फुटपाथ पर कब्जा, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

बाजार क्षेत्र में मौजूद यह भयावह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही और नियमों की अनदेखी की भी पोल खोल रही है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो दल्लीराजहरा में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग चेतावनी तक सीमित रहते हैं या फिर लोगों की सुरक्षा के लिए ठोस कार्रवाई भी करते हैं,

विद्युत विभाग के अधिकारी सुनील ठाकुर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ट्रांसफार्मर और विद्युत उपकरणों के आसपास दुकान लगाना पूरी तरह खतरनाक और नियम विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर के नीचे लोगों का बैठना या व्यापार करना किसी भी समय बड़ी जनहानि का कारण बन सकता है। विभाग द्वारा कई बार समझाइश दी जा चुकी है कि विद्युत उपकरणों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, लेकिन चेतावनी के बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और जोखिम वाले स्थानों को खाली कराया जाएगा।

फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले कुछ लोगों रामलाल, उपेन्द्र कुमार, आकाश, ललीता बाई ने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि रोजी-रोटी चलाने के लिए उन्हें सड़क किनारे बैठना पड़ता है। उनका कहना है कि बाजार में स्थायी जगह नहीं मिलने के कारण वे मजबूरी में जहां जगह मिलती है वहीं दुकान लगा लेते हैं। हालांकि कई दुकानदारों ने यह भी स्वीकार किया कि ट्रांसफार्मर के नीचे बैठना खतरनाक है और प्रशासन यदि वैकल्पिक व्यवस्था करे तो वे वहां से हटने को तैयार हैं।

दल्लीराजहरा के जागरूक जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं संदीप कुमार, निखिल कुमार, योगेश, पंकज ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत की जानी चाहिए। उनका कहना है कि ट्रांसफार्मर के नीचे दुकान लगाना केवल दुकानदारों की ही नहीं बल्कि पूरे बाजार की जान को खतरे में डालना है। कभी भी चिंगारी, शॉर्ट सर्किट या ट्रांसफार्मर ब्लास्ट जैसी घटना सैकड़ों लोगों को चपेट में ले सकती है। उन्होंने प्रशासन, विद्युत विभाग और नगर पालिका से संयुक्त अभियान चलाकर ऐसे अतिक्रमण हटाने और सुरक्षित व्यापार व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

## पालसिंह भूआर्य बने कांग्रेस अनुसूचित जनजाति मोर्चा गुरूर ब्लॉक अध्यक्ष



गुरूर। अनुसूचित जन जाति मोर्चा कांग्रेस के गुरूर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में पूर्व जनपद सदस्य पालसिंह भूआर्य की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महिला अध्यक्ष व संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने उनका सम्मान किया।

## कुम्हारी अग्निकांड में जांच की दिशा बदलने की शिकायत, लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुम्हारी में हुए अग्निकांड में परिवार के चार लोगों की मौत मामले में जांच शुरू हो गई है। हादसे में अनिल उर्फ होमदास वैष्णव, उसकी दो बेटियां और डेढ़ साल की नातिन की मौत हो गई थी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को माना गया था। घटना के बाद दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 6 सदस्यीय जांच कमेटी बनाई और 3 दिन के अंदर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। लेकिन जांच प्रक्रिया पर ही सवाल उठने लगे हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जांच के दौरान उनसे बिना पूरी जानकारी दिए साइन करवाए गए और बयान बदलने पर धमकाया जा रहा है। आरोप पर अधिकारियों ने क्रॉस वेरीफाई कराने की बात कही। पीड़ित गौतम वैष्णव के मुताबिक मीटर से घर पर आग लगी है। टीम को ऐसा बयान दिया तो मेडम ने कहा कि ऐसा नहीं है। गलत बोलेगे तो थप्पड़ जड़ने तक की बात कहकर पन्ने में हस्ताक्षर करवा कर चली गई। जांच वाले पहुंचते ही गौतम को अलग ले जाकर साइन कराया। उनसे गौतम ने पूछा क्या लिखा है तो ठीक से नहीं बताया। फिर एक मैडम बोलीं कि बयान बदला तो थप्पड़ जड़ूंगी। आठवीं तक पढ़े गौतम का दावा है कि उसे समझे बिना हस्ताक्षर कराया गया। उसने बताया कि जांच टीम के कुछ सदस्य लगातार जोर दे रहे थे कि आग शॉर्ट सर्किट से नहीं लगा है। घटना के बाद शुरुआती चर्चा बिजली के खंभे में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की थी। लेकिन अब सामने आए कुछ सीसी कैमरे का फुटेज और जांच टीम की गतिविधियों के बाद परिवार को डर है कि हादसे की दिशा बदली जा रही है। फिलहाल जांच के बाद ही असली कारण सामने आ पाएगा।

### नशे में वाहन चलाने वाले पर 32 हजार दंड

**भिलाई।** शराब पीकर वाहन चालने वाले चालकों पर ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई करती आ रही है। चालक का ट्रैफिक पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर से परीक्षण करने पर शराब सेवन की पुष्टि हुई। चालक के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। चालक खातेगांव (एमपी) निवासी अनिल पर32 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

**बीएसपी हादसे पर भड़का जनआक्रोश**

## पार्षद वीरेंद्र साहू ने खोला मोर्चा, मजदूर मरते रहे, अधिकारी बैठकों और फोटोबाजी में व्यस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका कार्य में हुई भयावह दुर्घटना के बाद दल्लीराजहरा में आक्रोश अब विस्फोटक रूप लेता जा रहा है। तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत और एक श्रमिक के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में नगर के वार्ड क्रमांक 07 राधा कृष्ण वार्ड के पार्षद वीरेंद्र कुमार साहू ने बीएसपी प्रबंधन, ठेकेदार, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।



वीरेंद्र कुमार साहू ने दो टूक शब्दों में कहा कि यह केवल हादसा नहीं बल्कि लापरवाही, गैरजिम्मेदारी और श्रमिकों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ का जिंदा उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों की जान जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी संवेदनशीलता दिखाने के बजाय मामले को दबाने और लीपापोती में लगे हुए हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर चौथे घायल श्रमिक का नाम और उसकी वास्तविक स्थिति आज तक सार्वजनिक क्यों नहीं की गई। यदि सब कुछ पारदर्शी है तो जानकारी छुपाई क्यों जा रही है? यह पूरे मामले को और अधिक संदिग्ध बनाता है।

वार्ड पार्षद ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हादसे के बाद बुलाई गई बैठकों में मृतकों के परिवारों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को तक शामिल नहीं किया गया। यहां तक की मैं वार्ड पार्षद हूं और मुझे भी आमंत्रित नहीं किया गया जान-बूझकर नहीं बुलाया गया, उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के घर के चिराग बुझ गए, उन्हीं को फैसले की प्रक्रिया से दूर रखना अमानवीयता की पराकाष्ठा है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शासन की सामान्य सहायता राशि को ही "बीएसपी का मुआवजा" बताकर अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया है। उनका कहना है कि जिन परिवारों ने अपने कमाने वाले सदस्य खो दिए, उन्हें कुछ कागजी औपचारिकताओं और घोषणाओं के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

वीरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि दल्लीराजहरा की जनता सब देख रही है। मजदूरों के शव उठ रहे हैं, परिवार बिखर रहे हैं, लेकिन कई नेता और अधिकारी केवल फोटो खिंचवाने और बयान जारी करने में व्यस्त हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो जनता सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

उन्होंने मांग की कि हादसे की न्यायिक जांच कराई जाए, बीएसपी प्रबंधन और संबंधित ठेकेदारों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हुआ है उस पर और कड़ी जांच होनी चाहिए, सभी जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा मृतक परिवारों को स्थायी नौकरी, भारी मुआवजा और घायल श्रमिक का संपूर्ण इलाज तत्काल सुनिश्चित किया जाए।

दल्लीराजहरा में इस हादसे के बाद श्रमिकों और आम लोगों के बीच भारी गुस्सा है। लोगों का कहना है कि मजदूरों की जिंदगी को ठेका व्यवस्था और लापरवाह सिस्टम के भरोसे छोड़ दिया गया है। वीरेंद्र कुमार साहू ने साफ कहा कि यह लड़ाई केवल चार परिवारों की नहीं बल्कि पूरे श्रमिक समाज के सम्मान और सुरक्षा की लड़ाई है। यदि न्याय नहीं मिला तो दल्लीराजहरा की धरती पर बड़ा जनआंदोलन खड़ा होगा।

### नगर पंचायत पलारी चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पंचायत पलारी के चुनाव प्रत्याशियो की सूची जारी की गई है। जिसमे 15 सीटो मे से 14 सीटो के प्रत्याशीयो व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की घोशणा की गई है। जहां आज कांग्रेस द्वारा 18 मई को नामांकन रैली निकालकर सभी प्रत्याशी पूरे दल बल के साथ नामांकन भरेंगे। जिसमे अध्यक्ष पद हेतु सामान्य यानेश साहू को प्रत्याशी बनाया गया है। वही वार्ड क्रमांक 01 सामान्य प्रकाश साहू, वार्ड क्रमांक 02 सामान्य बीरबल साहू, वार्ड क्रमांक 03 सामान्य महिला जागृति साहू, वार्ड क्रमांक 04 अन्य पिछड़ा वर्ग तीरथ साहू, वार्ड क्रमांक 05 सामान्य राजेश यादव, वार्ड क्रमांक 06 सामान्य महिला तुलेश्वरी निषाद वार्ड क्रमांक 07 अन्य पिछड़ा वर्ग पूर्णेश्वरी अडिल, वार्ड क्रमांक 08 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला साहू, वार्ड क्रमांक 09 अन्य पिछड़ा वर्ग प्रेमनारायण साहू, वार्ड क्रमांक 10 सामान्य परमानंद सेन, वार्ड क्रमांक 11 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला आशो बाई साहू, वार्ड क्रमांक 12 सामान्य प्रवीण साहू, वार्ड क्रमांक 13 सामान्य महिला अघोषित, वार्ड क्रमांक 14 अनुसूचित जन जाति भुने"वर ठाकुर, वार्ड क्रमांक 15 अनुसूचिज जाति समेर माकण्डेय को प्रत्याशी बनाया गया है।

### क्षेत्रीय व्यापार को नई दिशा देना चेम्बर की प्राथमिकता

**भिलाई नगर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और महाकौशल चेम्बर के मध्य व्यापारिक सहयोग व भविष्य की योजनाओं को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में छग चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन और महाकौशल चेम्बर के अध्यक्ष रवि गुप्ता ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए साझा रणनीति बनाने पर सहमति जताई। छत्तीसगढ़ चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि बैठक के दौरान यह चर्चा हुई कि किस प्रकार दोनों राज्यों की सरकारों द्वारा बनाई गई योजनाओं को समान धरातल पर लाकर उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक संयुक्त समिति का गठन किया जाए। इस पहल का उद्देश्य व्यापारियों और उद्योगपतियों को एकजुट कर उनके हितों की रक्षा करना तथा क्षेत्रीय व्यापार को नई दिशा देना है। श्री भसीन ने बताया कि महाकौशल चेम्बर के पदाधिकारियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि पहले भी मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ मिलकर व्यापारिक गतिविधियों को आगे बढ़ाते रहे हैं। अब पुनः इस सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता है ताकि दोनों राज्यों के व्यापारी वर्ग को लाभ मिल सके।

पेज 9 का शेष

### संभाग स्तरीय योगा ओलंपियाड ...

मिलते रहना चाहिए जिससे प्रतिभाएं अपनी प्रतिभा को बेझिझक सामने ला सके ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच मिलता है विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक विकास के साथ स्वस्थ जीवनशैली की आदत विकसित होती है। उन्होंने बताया कि पतंजलि योग समिति ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम वर्मा के साथ निशुल्क योग क्लास चलाकर बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय योग खिलाड़ी बनाने में कामयाबी मिली। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्र छात्रओं को प्रोत्साहित किया गया एवं सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई शनि देव जयंती

**गुण्डरदेही।** शनिवार को सूर्यपुत्र शनि देव की जयंती नगर के साप्ताहिक बाजार गुण्डरदेही में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह 10 बजे मंदिर प्रांगण मे विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया। तत्पश्चात महा प्रसादी का वितरण किया गया जो देर रात तक चलता रहा जिसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालु गण शामिल हुए।

### भाजपा मंडल सनौद द्वारा नामांकन रैली आज

**गुरूर।** भाजपा मंडल सनौद द्वारा भव्य नामांकन रैली का आयोजन 18 मई सोमवार को सुबह 10 बजे से किया गया है। जिसमे नगर पंचायत पलारी के सभी बीजेपी प्रत्याशी पार्शद व अध्यक्ष का भव्य नामांकन रैली ओमाकारेश्वर मंदिर से नगर पंचायत पलारी के लिए निकलेगी।

### पुरुषोत्तम मास महात्म्य एवं श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पैरी में 17 मई से पुरुषोत्तम मास महात्म्य एवं श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ सिकोसा ब्लॉक के ग्राम पैरी में



पुरुषोत्तम मास महात्म्य एवं श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह आयोजन 17 मई से 15 जून तक एक माह चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 17 मई रविवार को सुबह 7 बजे भव्य मंगल कलश यात्र से होगी। कलश यात्र के बाद प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से शाम 5 बजे तक 13 घंटे अखंड संकीर्तन होगा।

### डॉ. जोहित राम साहू बने तैलिक समाज एसोसिएशन के जिला संगठन प्रभारी

**बालोद।** तैलिक समाज एसोसिएशन द्वारा उत्कृष्ट सामाजिक योगदान, सक्रियता एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए जिला संगठन प्रभारी जिला बालोद के पद पर बालोद निवासी डॉ जोहित राम साहू को नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तैलिक समाज एसोसिएशन प्रदेश संगठन मंत्री नारायण लाल साहू द्वारा किया गया है।

### नपं पलारी चुनाव के लिए भाजपा ने घोषित किए प्रत्याशी

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर पंचायत पलारी के चुनाव के लिए प्रत्याशीयो की घोषणा की गई है। भाजपा द्वारा 15 सीटो में से 14 सीट की घोषणा की गई है। जिसमे वार्ड क्रमांक 01 अनारक्षित मुक्त तेजराम साहू, वार्ड क्रमांक 02 अनारक्षित मुक्त अघोशित, वार्ड क्रमांक 03 अनारक्षित महिला नेहा साहू, वार्ड क्रमांक 04 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त खिलेन्द्र कुमार साहू, वार्ड क्रमांक 05 अनारक्षित मुक्त महेश साहू, वार्ड क्रमांक 06 अनारक्षित महिला राधिका निशाद, वार्ड क्रमांक 07 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त संजय कुमार साहू, वार्ड क्रमांक 08 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला चित्ररेखा साहू, वार्ड क्रमांक 09 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त पोशण लाल साहू, वार्ड क्रमांक 10 अनारक्षित मुक्त शेलेश साहू, वार्ड क्रमांक 11 खिलेश्वरी साहू, वार्ड क्रमांक 12 अनारक्षित मुक्त झम्मन पटेल, वार्ड क्रमांक 13 अनारक्षित महिला योगेश्वरी देवी, वार्ड क्रमांक 14 अनुसूचित जनजाति मुक्त घनश्याम सिंह ठाकुर, वार्ड क्रमांक 15 अनुसूचित जाति मुक्त संतोश कुमार कुर्रे को प्रत्याशी बनाया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### आयोजन : प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में समाज हित के मुद्दों पर मंथन

# मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब 15 हजार से अधिक सामाजिक बंधु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

गुरूर तहसील के ग्राम सनौद मे शनिवार को प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। छ.ग. प्रदेश साहू संघ के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में दुर्ग संभाग के बालोद सहित दुर्ग, भिलाई, मानपुर मोहला, कवर्धा, राजनांगांव, बेमेतरा एवं खैरागढ़ से हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु पहुंचे थे। मंचासीन अतिथियो द्वारा मां भानेश्वरी, मां कर्मा, राजिम माता दानवीर भामासाह, सत्य नारायण बाबा की पूजा आरती के बाद इस आयोजन का शुभारंभ किया गया।

■ संगठन और शिक्षा से समाज होगा मजबूत : तोखन साहू

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार तोखन साहू दोपहर 2:30 बजे पहुंचे। केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार तोखन साहू ने कहा कि यह महोत्सव हमारे समाज की आस्था, संस्कृति, परंपरा का महत्त्वपूर्ण प्रतीक है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहती है। साहू समाज सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि बिहार, झारखंड, त्रिपुरा, मणिपुर सहित देशभर में साहू समाज के लोग निवासरत है। हम सभी को गर्व होना चाहिए कि देश का नेतृत्व करने वाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हमारे साहू समाज (तेली) वर्ग से है।



उन्होंने कहा कि देश में योगदान देने वाले महापुरुषों को तथा उनके आदर्शों को अपनाने के लिए कई तरह का आयोजन किया जाता है, इसी तरह हमारे समाज में भी भक्त माता कर्मा, मां भानेश्वरी, राजीम माता, दानवीर भामाशाह, सत्यनारायण बाबा, तेलीन शक्ति दाई के योगदानों को तथा समाज के हित में किए गए उनको कार्यों को याद करने के लिए, समाज को नई दिशा देने के लिए समाज में चिंतन मनन के लिए इस तरह समय–समय पर जयंती महोत्सव मनाया जाता है। दानवीर भामासाह ने समाज के हित में अपनी संपति ही दान कर दी, हम ऐसे समाज में जन्म लेकर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने बालोद जिला साहू संघ के अध्यक्ष महेंद्र साहू की विभिन्न मांगों पर विचार करते हुए जल्द ही मुख्यमंत्री से चर्चा कर मांग पूरी करने हेतु आश्वासन दिया। प्रमुख अतिथि के रूप में स्थित पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मां कर्मा, मां भानेश्वरी, तेलीन सत्ती माता, दानवीर भामासाह साहू समाज में ही जन्म लिए है, जिन्होंने समाज के हित में काम किया है।

साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने कहा कि मां भानेश्वरी, भक्त माता कर्मा सिर्फ साहू समाज के लोगों की ही मनोकामना पूरी नहीं करती बल्कि सच्ची श्रद्धा के चलते अन्य समाज के लोगों को आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में साहू संघ गठन के बाद गांव से लेकर जिला तक निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब समाज के कुल देवियों की जयंती महोत्सव मनाने साहू संघ ने चिंतन किया है। ताकि हम सब एक साथ बैठक कर समाज के हित में चर्चा कर सके। समाज को नशामुक्ति, अंतर्जातीय और धर्म परिवर्तन जैसे विसंगति से मुक्त कराना है। समाज के हित और विकास के लिए युवा पीढ़ी को आगे लाना है, इसके लिए हम सभी को अपने घर, परिवार, बच्चों को संस्कारवान बनाना है।

पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कहा कि देश प्रदेश में अगर कोई बड़ा समाज है तो वह एक साहू समाज ही है, लेकिन समाज में कुछ विसंगति है, अगर यह विसंगति दूर जाए तो समाज की एक विशेष पहचान बन जाएगी। समाज की कुल देवियों की योगदान तथा समाज हित में किए गए कार्यों के कारण ही हम साहू समाज में रहकर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में 11 प्रतिशत साहू समाज के लोग निवास करते है। साहू समाज को देश में पिछड़ा वर्ग के रूप में आरक्षण मिलना चाहिए, ताकि समाज के बच्चों को अच्छी नौकरी, रोजगार मिल सके।

कार्यक्रम स्थल पर मनोरंज हेतु छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रंग सागर ग्राम अरमरीखुर्द (पाटन) द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद महासमुंद चुन्नी लाल साहू, लखन साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू, टहल साहू, थानेश्वर साहू, तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, धमतरी विधायक ओंकार साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, कुरूद पूर्व विधायक लेखराम साहू, बालोद पूर्व विधायक प्रीतम साहू, गुंडरदेही पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू, दयाराम साहू, नगर पालिका बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, समाज के वरिष्ठ पवन साहू, जिला पंचायत बालोद सदस्य चंद्रिका गंजीर, लक्ष्मी साहू, तेजराम साहू, पूजा वैष्णव, मीना साहू सहित अन्य अतिथि मंचासीन थे। इस आयोजन को संपन्न कराने में शुरुआत से लेकर अंतिम समय तक तहसील साहू संघ गुरुर के अध्यक्ष मिथलेश साहू, उपाध्यक्ष दुष्यंत साहू, ललिता साहू, कोषाध्यक्ष कुबेर साहू, सचिव ख़ेदुराम साहू, संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू, डामेश्वरी साहू, सह सचिव सूरज गोपाल गंगबेर की टीम लगातार अलग–अलग जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे। इस आयोजन में जिला साहू संघ बालोद के अध्यक्ष महेंद्र साहू, प्रमुख सलाहकार हलधर साहू, गोपाल साहू, उपाध्यक्ष टूमन साहू, भानुमति साहू, मदन साहू, छवी सार्वा, तुकाराम, केआर साहू, रश्मि साहू, सुचित्र साहू सहित जिला, तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण से पहुंचे हुए अतिथि एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## भैंसबोड़ में आज लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के प्राथमिक शाला मैदान भैंसबोड़ में 18 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

प्राथमिक शाला मैदान भैसबोड़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम भरएँटोला, रजही, चिपरा, धुर्वाटोला, सुवरबोड, गिधाली, भैसबोड, दानीटोला, गुजरा, खलारी, अड़जाल, कुसुमकसा, अरमुरकसा, पथरटोला, खम्हारटोला, बिटाल, धोबेदण्ड और धोबनी अ के ग्रामीण शामिल होंगे।

प्राथमिक शाला मैदान भैसबोड़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के सफल आयोजन हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग विजय कुमार कंवर नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले और एसडीओ आरईएस जेपी चंद्राकर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम भैंसबोड़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिसके अंतर्गत तहसीलदार देवेन्द्र नेताम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### संभागीय अधिवेशन की तैयारी को लेकर सर्व आदिवासी समाज की बैठक संपन्न



**बालोद/कलंगपुर।** छग़ सर्व आदिवासी समाज की संभागीय अधिवेशन को लेकर तैयारी के लिए गुरुर में बैठक की गई। जिसमें 7 जून को संभाग स्तरीय बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जावेगी। इस बैठक में जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह तारम, सचिव थानसिंह मंडावी, प्रांतीय सह सचिव टीकम सिंह कोल्हे, जिला सह सचिव संजय नागवंशी, कार्यकारणी सदस्य शैलेन्द्र शोरी, अरुण नेताम, भुनेश्वर ठाकुर, चित्रकांत कत्लम, बोहरिक ठाकुर उपस्थित थे एवं उतरा मरकाम, रूप राम नागवंशी, घनश्याम नागवंशी, अंगद टेकाम, गीता टेकाम को 7 जून के संभाग स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया।

## वट सावित्री व्रत पर सुहागिन महिलाओं ने की पूजा-अर्चना, अखंड सौभाग्य की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



नगर में सोमवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। नगर के कांग्रेस भवन के पास स्थित वट वृक्ष सहित विभिन्न स्थानों पर सुहागिन महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष की पूजा की तथा उसकी परिक्रमा करते हुए लाल-पीला धागा बांधा।

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और पतिव्रत धर्म के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। इसी कारण यह व्रत महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि ज्येष्ठ अमावस्या के दिन सच्चे मन से व्रत और पूजा करने से पति को लंबी आयु तथा परिवार में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। पूजन के दौरान महिलाओं ने माता सावित्री की प्रतिमा, कलश, मिट्टी का दीपक, लाल वस्त्र, सिंदूर, कुमकुम, रोली, अक्षत, हल्दी, मौसमी फल, पकवान एवं सोलह श्रृंगार सामग्री अर्पित की। वट वृक्ष की जड़ में भगवान ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु तथा डालियों और पत्तियों में भगवान शिव का निवास माना जाता है, इसलिए वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व बताया गया।

कनकलता वैष्णव एवं वैभवी कामडी ने बताया कि माता सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे ही अपने पति सत्यवान को पुनर्जीवन दिलाया था, इसलिए महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना से यह व्रत करती हैं। वहीं स्वाति राजपूत, किरण देवांगन एवं सुभाषिनी राजपूत ने कहा कि महिलाएं पति की रक्षा और लंबी आयु के लिए पूरे विधि-विधान से व्रत रखती हैं। प्रीति सोनी, तीलेश सोनी एवं विजय लक्ष्मी राजपूत ने बताया कि वट सावित्री व्रत में कथा श्रवण का विशेष महत्व है और इसके बिना व्रत अधूरा माना जाता है। उमा देवी, माया गुप्ता, मंजू दुबे एवं ज्योति निषाद ने कहा कि बरगद वृक्ष के नीचे पूजा और व्रत कथा सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर रीना गुप्ता, अंकिता गुप्ता, राजकुमारी गुप्ता, लक्ष्मी ठाकुर, सीमा गुप्ता, सृष्टि गुप्ता, शंकुतला दुबे, अंजली मालेकर, माधुरी मालेकर सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने वट सावित्री व्रत का पूजन किया।

## बालोद जिले में मितव्ययिता लागू अधिकारियों को जारी हुए नए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले में वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन और सार्वजनिक व्यय में अनुशासन सुनिश्चित करने अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि जिला मुख्यालय बालोद में सोमवार को होने वाली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विकासखंड स्तरीय अधिकारी वी.सी. के माध्यम से उक्त बैठक में अपनी उपस्थिति देंगें। इसके साथ ही सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं तहसीलदार साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में वी.सी. के माध्यम से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। जिला मुख्यालय में रहने वाले अधिकारी साप्तहिक समय सीमा बैठक में भौतिक तौर पर अपनी उपस्थिति देंगें। इसी तरह शासकीय वाहनों के उपयोग में पेट्रोल, डीजल के व्यय को न्यूनतम स्तर पर रखा जाना सुनिश्चित करने को कहा गया है। एक ही गंतव्य की ओर जाने वाले विभागों के अधिकारियों के लिए वाहन पूलिंग की व्यवस्था करेंगें। इसी प्रकार की व्यवस्था विकासखंड स्तर के अधिकारियों के लिये भी लागू की गई है। शासकीय कार्यालयों में विद्युत उर्जा का उपयोग आवश्यकता होने पर ही की जाए। कार्यालयीन समय के पश्चात सभी विद्युत उपकरणों लाइट, पंखे, ए.सी., कप्यूटर को अनिवार्य रूप से बंद कर शासकीय भवनों में ऊर्जा की बर्बादी को रोका जाना सुनिश्चित करेंगे। जिला या विकासखंड स्तरीय बैठकों में प्रिंटेड पेपर, बुकलेट्स के स्थान पर पीडीएफ, पीपीटी इलेक्ट्रॉनिक फाइलों आदि का उपयोग सुनिश्चित करने के साथ कार्यालयीन पत्र और नस्तियों का संचालन अनिवार्य रूप से ई ऑफिस के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**दुर्ग।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर 16 मई शनिवार को दुर्ग जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता रैली और कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों और नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने हिस्सा लेकर डेंगू से बचाव का संदेश दिया। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम डेंगू नियंत्रण में सामुदायिक भागीदारी, जांच करें, सफाई करें और ढकें रखी गई है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को एडीज मच्छर से फैलने वाले डेंगू के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि डेंगू रोकथाम के लिए घरों और आसपास जमा पानी को हटाना बेहद जरूरी है। कुलर, टायर, गमले, टंकियां, नारियल के खोल और प्लास्टिक कंटेनरों में मच्छरों के लार्वा पनपने की संभावना अधिक रहती है।

### गुरेदा की महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा-अर्चना, पति की लंबी उम्र की कामना की



**अण्डा।** ग्राम गुरेदा (डगनिया) में वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर पूजा स्थल पहुंचीं और विधि-विधान से वट सावित्री व्रत का पालन किया। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा तथा अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने पूजा सामग्री, फल-फूल और सुहाग की वस्तुएं अर्पित कर कथा श्रवण भी किया। ग्राम में धार्मिक और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने एक-दूसरे को वट सावित्री व्रत की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों के अनुसार यह पर्व भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे हर वर्ष श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

### प्रतिभागियों में से प्रथम पांच वरीयता प्राप्त सामाजिक बच्चों का सम्मान

## तैलिक ज्ञान प्रतिभा परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा 12 अप्रैल को आयोजित भक्त माता कर्मा तैलिक ज्ञान प्रतिभा परीक्षा के आयोजन पश्चात तीनों स्तर पूर्व माध्यमिक आयु वर्ग 11 से 14 वर्ष, माध्यमिक 15 से 18 वर्ष तथा उच्च शिक्षा 19 से 23 वर्ष तक प्रतिभागियों में से प्रथम पांच वरीयता प्राप्त सामाजिक बच्चों का सम्मान किया गया।



यह सम्मान 16 मई शनिवार को जिले के ग्राम सनौद मे सभांग स्तरीय आयोजित भानेश्वरी जंयती मे शामिल केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन लाल साहू, प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू एवं पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा प्रथम पुरस्कार 5 हजार रुपए, द्वितीय चार हजार रुपए, तृतीय तीन हजार रुपए, चतुर्थ दो रुपए, पंचम एक हजार रुपए नगद एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें पूर्व माध्यमिक स्तर में प्रथम ओंकार सिंह साहू बघमरा गुण्डरदेही, द्वितीय पूरब साहू परसाही, तृतीय देविका साहू देवरी बंगला, चतुर्थ मोगेश्वर साहू टेकापार बालोद व पंचम स्थान गुण्डरदेही को प्रदान किया गया एवं माध्यमिक स्तर पर प्रथम हर्ष कुमार साहू भंवरमरा, द्वितीय विद्या साहू कोसमी डौंडीलोहारा, तृतीय निष्ठा साहू पेंड्री कलंगपुर, चतुर्थ यलिषा साहू भरदाखुर्द व पंचम रागिनी साहू उसवारा गुरूर को तथा उच्च शिक्षा स्तर पर प्रथम भूषण साहू लिमोरा गुण्डरदेही, द्वितीय सुमन साहू अरमरीकला, तृतीय छत्रपाल साहू भीमकन्हार डौंडीलोहारा, चतुर्थ देवेंद्र कुमार चंदनबिरही अर्जुन्दा व पंचम स्थान यशराज साहू गुण्डरदेही को प्राप्त हुआ। परीक्षा का आयोजन तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा किया गया था जो यह जिला स्तर पर परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें सभी तहसील के अध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ साथ जिला स्तरीय प्रश्न पत्र निर्माण समिति एवं परीक्षा संचालन में विशेष सहयोग रहा।

डॉ मानसिंग सार्वा ने बताया कि समाज के नवयुवक एवं युवतियों सामाजिक विचार धारा के विकास के साथ सामाजिक ढांचे में ढल सके और जीवन में समर्पण, त्याग व सेवाभाव का गुण विकसित हो सके। संभाग स्तरीय भानेश्वरी जयंती में तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के समस्त पदाधिकारी गण परिक्षेत्रीय पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411